## खबर संक्षेप

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 21 मार्च को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 10 स्थानों पर दबिश देकर कुल 92 लीटर कच्ची शराब जप्ती की गई।

### चाकू चमकाते आरोपी धराया

**शहडोल।** थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत 20 मार्च को मुखबिर सूचना मिली कि धनपुरी में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी आकाश कश्यप पिता रामशरण कश्यप उम्र 32 वर्ष निवासी हर्रा दफाई धनपुरी को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 135 वाहन चालकों से वसूले गये शुल्क

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 20 मार्च को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 135 चालानों में 60.100 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### आर्या ने कक्षा 8वीं में हासिल किया प्रथम स्थान



**धनपुरी।** कार्मल कान्वेंट स्कूल अमलाई के छात्र आर्या गुप्ता ने कक्षा-8 में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय एवं नगर का मान बढ़ाया, वह अपनी सफलता के लिए अपने माता-पिता विद्यालय के शिक्षकों के योगदान को बताया। आर्या गुप्ता नगर की प्रतिष्ठित व्यवसाई राजा गुप्ता एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता के सुपुत्र है। आर्या गुप्ता की सफलता पर वरिष्ठ सनत शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, पंडित विनोद शर्मा, अजय जायसवाल, हेमंत सोनी, रमेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, सुभाष गुप्ता, संतोष शर्मा, संजू चंदवानी, संतोष जायसवाल, राकेश तिवारी, अजय शर्मा, अनिल जायसवाल, जयंत जसवानी, दीपक सोनी सहित अनेकों लोगों ने बधाई दी है।

### बाघों की मौत की जांच करने बांधवगढ़ पहुंची टीम

**उमरिया।** बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और शहडोल सर्किल में हुए बाघों की मौत की मामले में गठित जांच टीम ने गुरुवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला पहुंची। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी शुभ रंजन सेन ने 6 मार्च को तीन सदस्य टीम गठित की थी। एक महीने में टीम को सौपनी है रिपोर्ट टीम को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और शहडोल सर्किल में हुए बाघों की मौत की जांच टीम को करने के निर्देश दिए थे। टीम को एक माह में रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए थे। टीम में रितेश सारोठिया प्रभारी स्टेट टाइगर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्य प्रदेश भोपाल, डॉ. काजल यादव सहायक प्राध्यापक स्कूल आफ वाइल्डलाइफ फॉरेसिक एंड हेल्थ जबलपुर, मंजुला श्रीवास्तव अधिवक्ता को टीम का सदस्य बनाया गया था। गुरुवार को जांच टीम बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला पहुंची जहां पर की टीम के सदस्यों ने पहले तो बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और शहडोल सर्किल के परिक्षेत्र अधिकारियों को बाघ की मौत फाइल बनाने सहित अपराध की जांच करने को लेकर जानकारी दी।

## पुलिस को चकमा देकर

# फरार हुआ कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निलंबित

### नशे की हालत में कर रहा था चुनाव ड्यूटी, पकड़ाए वाहन को छुड़ा रहा था

चुनाव जैसी संवेदनशील और जिम्मेदार प्रक्रिया को संपन्न कराने एक ओर निर्वाचन आयोग सावधानी और शुचिता बरतता है और दूसरी ओर ऐसी भी घटनाएं होतीं है जब शासन का अमला ही आचार संहिता का उल्लंघन कर पूरे प्रशासनिक ढांचे को ही संदिग्ध बना देता है।

शहडोल/अनूपपुर।








ऐसा ही एक मामला कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का सामने आया जिसमें वह नशे में धुत था और फिर वह जांच से पूर्व पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। हालांकि उसे निलंबित कर दिया गया है।

19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संभागीय प्रशासन पूरी तरह निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शांति व्यवस्था कायम रखने और निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने पूरा अमला मुश्तैद है। शहरी क्षेत्रों में तो सर्चिंग चल ही रही है सीमावर्ती क्षेत्रों में भी पुलिस बल तैनात कर वाहनों की जांच पड़ताल का सघन अभियान चल रहा है। इसके लिए नाकेबंदी और चौकि यां कायम की गईं हैं। इस सशक्त अभियान के बावजूद अधिकारिक स्तर से एक ऐसी घटना को अंजाम दिया गया कि जिससे पूरा प्रशासन दंग रह गया। एफएसटी जांच दल के लिये पदेन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट यूएस पैकरा को उनके नियमविरुद्ध आचरण करने के मामले में कलेक्टर ने निलंबित कर दिया। श्री पैकरा को पुलिस बल मेडिकल के लिए अस्पताल ले गया था, जहां से वे पुलिस को चकमा देकर भाग निकले थे।

#### यह था मामला

संभाग अंतर्गत शहडोल और अनूपपुर जिले की सीमा पर जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर के द्वारा चचाई थाना क्षेत्र में बरगवां के वार्ड नंबर 9 में एफएसटी की तैनाती की गई थी। जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ चचाई थाने का पुलिस बल भी सहयोग करता है। गुरूवार की सुबह करीब 11 बजे पिकप वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडबी 4316 में लगभग 30 महिला एवं पुरूष मजदूर सवार थे, जिन्हें पुलिस ने रोका। चालक से पूछताछ हो रही थी, इसी दौरान ड्यिुटी पर तैनात कार्यपालिक मजिस्ट्रेट यू.एस.पैकरा ने वाहन को छोडऩे के आदेश दिये। श्री पैकरा पूरी तरह नशे में धुत्त थे, मामला अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ट तक पहुंचा। अनूपपुर से आये दल ने पैकरा को साथ ले जाकर अस्पताल में उनके चिकित्सीय परीक्षण की प्रक्रिया शुरू की। इसी दौरान यू.एस.पैकरा अनुविभागीय अधिकारी व अन्य को चकमा देकर लघुशंका के बहाने अस्पताल से फरार हो गये।

#### सर्चिंग में पकड़ाया वाहन

निर्वाचन विभाग द्वारा शहडोल और अनूपपुर जिले की सीमाओं पर एफएसटी की तैनाती की गई है, जिनके द्वारा यहां से गुजरने वाले वाहनों की जांच के साथ उनकी वीडियो ग्राफी और वाहनों के नंबर आदि सूचीबद्ध करने हैं। अनूपपुर-शहडोल रेलवे लाईन के सुधारीकरण कार्य में लगे नागपुर के ठेकेदार के द्वारा क्षेत्र से मजदूरों को कार्य के लिए बुलाया जाता है। शहडोल के सिंहपुर क्षेत्र के लगभग 30 महिला और पुरूष मजदूर पिकप वाहन में इस मार्ग से निकल रहे थे। मालवाहक वाहन में बड़ी मात्रा में लोहे के औजार व ड्रम, एंगल आदि लोड थे। पुलिस ने तलाशी के लिए वाहन को रोका और कागजों की जांच पड़ताल और पूछताछ के बाद पुलिस वाहन को चचाई थाने ले जा रही थी, इसी दौरान नशे में धुत्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने वाहन को छोडऩे का आदेश पुलिसकर्मियों को दे दिया। जबकि वाहन में कई जरूरी कागजात नहीं मिले थे और ओव्हरलोडिंग भी की गई थी। पुलिस ने वाहन को थाने लाकर चालक का लायसेंस न होने पर 3-181 तथा 66, 192 धाराओं के तहत मामला कायम किया, थाना प्रभारी श्री शुक्ला ने बताया कि न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया जायेगा।

#### निलंबन की कार्यवाही

एफएसटी में तैनात कार्यपालिक मजिस्ट्रेट यू.एस.पैकरा के चुनावी कार्य के दौरान शराब के नशे में धुत्त रहने और पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को रोकने आदि की शिकायतें मिलने के बाद अनूपपुर कलेक्टर ने एआरओ अनूपपुर को मौके पर भेजा। एआरओ और अन्य ने यू.एस.पैकरा को अपने साथ ले जाकर अनूपपुर जिला चिकित्सालय में चिकित्सीय परीक्षण की प्रक्रिया शुरू की। लेकिन वह लघुशंका के बहाने भाग निकले। यह बताया गया कि कार्यपालिक मजिस्ट्रेट यू.एस.पैकरा के खिलाफ निलंबन तथा अन्य कार्यवाहियां प्रस्तावित की गई है। इसके बाद कलेक्टर अनूपपुर ने श्री पैकरा को निलंबित कर दिया।

#### इनका कहना है...

शिकायत मिलने के बाद एसडीएम को मौके पर भेजा था, मेडिकल से पहले ही वह फरार हो गया, उसे निलंबित कर दिया गया है।

**आशीष वशिष्ट , कलेक्टर, अनूपपुर**

## पुलिस अधीक्षक ने ली थाना प्रभारियों की बैठक

### त्यौहार और लोकसभा निर्वाचन के संबंध में हुई समीक्षा

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन एवं त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा हेतु बैठक 21 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर ली जावे। होलिका दहन परम्परागत स्थलों पर ही किया जावे। साथ ही होलिका दहन के दौरान आसपास के बिजली के तार, पेट्रोल पंप, गोदाम, रहवासी घर की सुरक्षा का ध्यान रखा जावे। नगर पालिका से समन्वय रखते हुए फायर ब्रिगेड/वाटर टैंकर आदि को रिजर्व रखा जावे। त्यौहार के दौरान भीड़-भाड़ व संवेदनशील स्थानों पर फिक्स पिकेट लगाई जाये और पेट्रोलिंग सतत रूप से कराई जाये। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जावे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले मैसेज पर निरंतर निगाह रखने के साथ ही तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जावे। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु पर्याप्त संख्या में रिजर्व बल, बलवा ड्रिल उपकरण साथ में रखे जावे। ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों का ड्यूटी में सहयोग लिया जावे। आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने से क्षेत्र के डीजे संचालकों की बैठक कर उन्हें नियमों का पालन करने हेतु हिदायत दी जाये साथ ही भड़काऊ गाने न चलाने हेतु निर्देशित किया जाये। रमजान माह के दौरान मस्जिद में देर रात तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं भीड़भाड़ को दृष्टिगत रखते हुए मार्गों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगाई जाये।

लोकसभा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आदर्श आचरण संहिता लागू होने के बाद से थाना प्रभारियों द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां बढ़ाने, स्थायी वारंटों की तामीली तेज करने के साथ-साथ कॉम्बिंग गश्त करने हेतु निर्देशित किया गया। वाहनों में नियमविरूद्ध तरीके से लगे हुए हूटर एवं लाउडस्पीकर आदि को हटवाते हुए चालानी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

## अवैध रेत का परिवहन करते 2 ट्रेक्टर जप्त

**शहडोल।** थाना पपौंध क्षेत्रांतर्गत 21 मार्च को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि विजयसोता तरफ रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर जाकर देखा तो ट्रैक्टर क्रमांक एम.पी. 54 ए. 8756 मय रेत लोड आते दिखा। ट्रैक्टर चालक पुलिस को आता देखकर ट्रेक्टर छोड़कर भाग गया, जिस पर पपौंध पुलिस द्वारा उक्त वाहन को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी अज्ञात चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पपौंध के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक विपिन बागरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी प्रकार थाना सिंहपुर क्षेत्रांतर्गत मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मानपुर थाना सिंहपुर तरफ रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर सिंहपुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर ट्रैक्टर को रूकवाकर चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राम नरेश बैगा पिता ओम प्रकाश बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी पड़रिया मानपुर थाना सिंहपुर का होना बताया।

## पर्यावरण संरक्षण पर हुआ जग जाग्रति कार्यक्रम






**शहडोल।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के संबंध में प्राप्त निर्देशों के पालन में क्षेत्रीय कार्यालय के सोनांचल सभाकक्ष में क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में 20 मार्च को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय पर जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव द्वारा विषय वस्तु पर लाइफ मिशन के अंतर्गत सात महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी देते हुये मिशन लाइफ के अंतर्गत हेल्दीलाइफ स्टाइल, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, इलेक्ट्रानिक वेस्ट, ई वेस्ट, पर विस्तृत जानकारी दी गई। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किये जाने तथा होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी संबंध में कार्यक्रम के दौरान कार्यालय के वैज्ञानिक, डॉ. ए. के. दुबे के द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट (प्रबंधन और प्रहस्तन) नियम 2011 के परिप्रेक्ष्य में यथा संशोधित नियम 2016 की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः बन्द करने हेतु सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनीषा के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक यूज के दुष्प्रभाव, एवं हेल्दीलाइफ स्टाइल अपनाने तथा वृक्षारोपण करने का विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यालय के विश्वनाथ वर्मा निम्न श्रेणी लिपिक के द्वारा जल, वायु तथा ध्वनि, रिड्यूज इलेक्ट्रानिक वेस्ट, ई वेस्ट, बैटरी प्रबंधन नियम, एवं पर्यावरण जन जागरण के विषय पर बैटरीवेस्ट रीसाइक्लिंग करने के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डॉ. ए.के.दुबे, डॉ. मनीषा, असिस्टेंट प्रोफेसर, उपयंत्री श्रेयस पाण्डेय, विश्वनाथ वर्मा एवं कार्यालय स्टाफ के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम के दौरान पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं कार्यालय के केमिस्ट अशोक शर्मा, सुश्री ललिता मरावी, लेखापाल बी.एस. पाठक, तथा बालेन्द्र सिंह, सुभाष निगम, इंद्रभान मिश्रा, राजेश सिंह स्टेनोग्राफर जया कुशवाहा, जूनियर लैब असिस्टेंट तुलसीदास महरा उपस्थित रहे।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ऐठें रुपये

### दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल।** फरियादी रामकुमार परते पिता स्व. शोभेलाल परते उम्र 56 साल निवासी बंगवार कालोनी थाना धनपुरी का 20 मार्च को एक लिखित आवेदन पत्र दिया कि गीता तिवारी ने अपने साथी अभिषेक सिंह व एक अन्य महिला के साथ मिलकर षडयंत्र पूर्वक वीडियों वायरल करने का भय दिखाकर मुझसे 50,000 रूपये ले लिये और 1,00,000 रूपये की माँग कर रहे थे और बोल रहे थे कि अगर किसी को बताया तो तुझे जान से खत्म कर देने की धमकी दिये है। आवेदन पत्र पर से आरोपीगण गीता तिवारी, अभिषेक सिंह व एक अन्य महिला के विरूद्ध धारा 384, 385, 388ए 506, 120बीए 34 ता.हि.3(2)(व्ही) एससी एसटी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण सदर की विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा एसडीओपी धनपुरी एवं थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की पता तलास हेतु उमरिया रवाना किया गया। पुलिस टीम व्द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सायबर सेल की मदद से आरोपीगण गीता तिवारी पति उमाशंकर तिवारी उम्र 40 साल निवासी बंगबार कालोनी एवं अभिषेक सिंह पिता स्व.बाबूलाल सिंह उम्र 25 साल निवासी नवाटोला थाना कोतमा जिला अनूपपुर को 20 मार्च को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25700 रूपये जप्त किये गये है तथा आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आरोपिया गीता तिवारी के विरूद्ध थाना धनपुरी में एनडीपीएस एक्ट एवं लूट के अपराध पंजीबद्ध है। कार्यवाही एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी धनपुरी खेमसिंह पेन्द्रो, उप निरीक्षक नागेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक राकेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक शरद, आरक्षक शिवराखन, अजय सिंह, महिला आरक्षक रूपकुमारी राठौर एवं सायबर सेल टीम आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, प्रकाश द्विवेदी, हिमवंत मिश्रा एवं महिला आरक्षक श्रीदेवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## मोदी सरकार के विकास कार्यों व योजनाओं के दम पर करेंगे हम 400 पार : प्रहलाद

### मंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ली चुनावी बैठक

शहडोल।



देश में सियासी पारा अपने उफान पर है क्योंकि शहडोल में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होने वाला है। यही कारण है कि शहडोल संसदीय क्षेत्र में अभी से वीआईपी मूवमेंट होने लगा है। ऐसा ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक दिवसीय नगर दौरे पर पहुंचे भाजपा पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल ने भाजपा कार्यालय में भाजपा पदाधिकरी व कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक ली, इस बार 4 सौ के पार की बात कही, वही कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए मंत्री ने कहा की कांग्रेस की टिकट चौराहे पर टंगी है कोई लेने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार घोषित करने में घबरा रही है। इसके साथ ही राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह के गोंडवाना ज्वाइन करने पर उन्हें नसीहत दी। भाजपा राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह के गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ज्वाइन कर नामांकन दाखिल करने पर भाजपा पंचायत एवमं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल ने नसीहत देते हुए कहा कि जीवन मे कोई न कोई गलती बड़ी कर लेता है फिर बाद में पछताता है। उसके इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे है।

भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी ने जानकारी बताया है कि कमला नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पार्टी परंपरा अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत में भारतमाता, पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के छाया चित्रों पर पुष्पाजली एवं दीपप्रज्वोलित कर कार्यक्रम की बैठक की शुरूआत की गई।

कार्यक्रम में स्वागत उदबोधन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह द्वारा दिया गया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह द्वारा भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन के पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री एवं लोकसभा चुनाव की दृष्टि से रीवा-शहडोल संभाग लोकसभा कलक्टर प्रभारी प्रहलाद सिंह पटेल का समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की ओर से साल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया, इस दौरान जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनिषा सिंह, लोकसभा प्रभारी प्रकाश जगवानी, विधानसभा संयोजक गिरधर प्रताप सिंह, विधानसभा प्रभारी राघवेंद्र तिवारी को पुष्पगुच्छ एवं कमलपट्टी पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी ने किया, तो वही आभार लोकसभा संयोजक प्रकाश जगवानी ने किया। वहीं भाजपा की नीति रीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर रिटायर्ड बैंक अधिकारी राकेश कटारे, गुड्डू दहिया पार्षद सभापति नगर पोलिका धनपुरी, मुकेश गौतम अध्यक्ष उप सरपंच संघ ब्लॉक जयसिंहनगर, केशव लाल बैग सरपंच ने अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान राजेश्वर उदानिया, महेंद्र सराफ, योगेंद्र चतुर्वेदी, महेश भागदेव, देवेंद्र मिश्रा, मनोज गुप्ता, मनोज सिंह आर्मो, संजीव प्रताप सिंह, निलेश निगम, जागेंद्र सिंह, शक्ति लश्कर, अंकित सिंह बघेल, शीतल पोद्दार, प्रकाश गुप्ता, संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, रविकांत त्रिपाठी, जगन्नाथ शर्मा, रमाशंकर कुशवाहा, प्रियम त्रिपाठी सहित जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मात्र शक्तियां, मंडल अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस दौरान उपस्थित रहे।

## जमड़ी-घुनघुटी स्टेशन रोड जर्जर, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं



**घुनघुटी।** ग्रामीण क्षेत्र में लगातार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना वाली सड़कों में भारी लोड गाड़ियां धड़ल्ले से दौड़ी जा रही है, आठ टन क्षमता वाले सड़कों में 40 टन से लेकर 80 टन तक के वजन वाली गाड़ियों में गिट्टी,रेत ढोया जा रहा है। आलम यह है कि सड़क जर्जर होने लगी है व हो चुकी है, ग्रामीण डर के साये में है, इतना भी नहीं ग्रामीण अंचलों में क्षेत्र वासियों को सुलभ आवागमन हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सौगात दी जाती है, लेकिन इसका फायदा भारी वाहन मालिक द्वारा उठाया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क की क्षमता 12 टन होती है जबकि उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली से घुनघुटी चौराहे से स्टेशन व छोटी तुम्मी, जमड़ी सड़कों पर भारी वाहन की आवागमन का मुख्य चौराहा घुनघुटी है, फिर भी भारी लोड वाहन ग्रामीण सड़कों पर धड़ल्ले से बेशक दौड़ रहे हैं, जैसे गिट्टी, मिट्टी, रेत से लदे 50 टन से 80 टन क्षमता वाले घुनघुटी ग्राम प्रधानमंत्री सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, आखिर किनके सह पर गाड़ियां आधी रात को दौड़ती हैं, ग्रामीणों को कहना है कि घुनघुटी स्टेशन सड़क, जमडी, छोटी तुम्मी, पनवारी, कांचोदर, मालाचुआ,औढेरा सड़क, सालों से जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां आए दिन मोटरसाइकिल जैसे गाड़ियों सें सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, यहां अधिकारी आते हैं देखकर चले जाते हैं आज तक नहीं बनाई गई सड़क यहां बड़े-बड़े गढ्ढे व गिट्टी निकली हुई है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है।

## पेपर लीक मामले पर दो शिक्षक निलंबित

**उमरिया।** जिले के पाली जनपद क्षेत्र के ग्राम सलैया हाई स्कूल में कक्षा 9 वीं की संस्कृत की परीक्षा के दिन बुधवार को विज्ञान का पेपर लीक हो गया था। जिला शिक्षा विभाग को यह जानकारी मिली थी कि प्राचार्य केन्द्राध्यक्ष आर.बी.पाल ने पेपर लीक करके छात्रों को दिया था और एक छात्र ने उसे फोटो खींचकर वायरल कर दिया था। बाद में यह बात भी सामने आई कि सलैया हाई स्कूल में कुल 34 छात्र थे, जिनके लिए संस्कृत के पेपर के दो पैकिट भेजे जाने थे। जब भेजे गए पैकिटों को खोला गया तो, उसमें से एक पैकेट में विज्ञान का पेपर निकल आया। इस दौरान वहां पर दो शिक्षक मौजूद थे, जिनमें मुकेश गुप्ता और संजू तिवारी के नाम आए हैं।

पाली जनपद क्षेत्र के सलैया हाई स्कूल में पेपर लीक होने की पुष्टि हो गई। यह पुष्टि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जांच करने गई तीन सदस्यीय टीम ने की। जांच के बाद टीम ने प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंप दिया। कलेक्टर ने उक्त मामले में प्रभारी प्राचार्य आर.बी.पाल, पेपर की फोटो खींचकर उसे वायरल करने वाली महिला शिक्षक संजू तिवारी और मुकेश गुप्ता को निंलबित करने के आदेश दिए हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा विभाग से गई टीम के एक सदस्य के.के. तिवारी ने बताया कि उक्त मामले की जांच साइबर सेल से भी करवाई जाएगी, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा जा रहा है। सायबर सेल इस बात की जांच करेगी कि मोबाइल से पेपर का फोटो किस समय खींचा गया और उसे किस नंबर से कितने लोगों को वायरल किया गया। इसके बाद दोषियों के खिलाफ एफआइआर भी की जा सकती है।

#### इनका कहना है

प्राचार्य और केन्द्राध्यक्ष आर.बी.पाल से नाराजगी रखने वाली संजू तिवारी ने गलत पेपर निकलते ही उसका फोटो अपने मोबाइल से खींच लिया और प्राचार्य को बदनाम करने की नीयत से उसे वायरल कर दिया।

**राणा प्रताप सिंह**
**बीईओ विकास खण्ड,**
**बिरसिंहपुर पाली**

**खबर संक्षेप**

## महानदी नाका का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



**उमरिया।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में उमरिया एवं कटनी जिले की सीमा में वन चौकी महानदी के पास बनाये गये अंतर जिला नाका का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने डयूटी में तैनात स्टाफ को यहां से गुजरने वाले हर वाहन को रोककर जांच करने के निर्देश दिए तथा वाहन संबंधी जानकारी रजिस्टर करने को कहा। उन्होंने कहा कि वाहनो की जांच सघनता से की जाए, लेकिन यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा नही होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, तहसीलदार बांधवगढ़ सतीश सोनी के साथ ही एसएसटी टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## कलेक्टर ने तहसील कार्यालय चंदिया का किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने तहसील कार्यालय चंदिया का निरीक्षण किया तथा तहसीलदार से राजस्व से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालय तहसीलदार चंदिया मे चल रहे राजस्व प्रकरणों, राजस्व अभियान के दौरान दर्ज किए गए नये राजस्व प्रकरणों, पुराने राजस्व प्रकरणो के निराकरण, फौती नामांतरण, नक्सा तरमीम, सीमांकन, पटवारी हल्कों की संख्या, ग्रामों की संख्या तथा तहसील अंतर्गत आने वाले सर्किलों की जानकारी प्राप्त की। तहसीलदार द्वारा बताया गया कि तहसील में कुल 23 पटवारी हल्के तथा 3 सर्किल है। तहसीलदार राजस्व न्यायालय में 200 केस दर्ज है। उन्होंने बताया कि राजस्व अभियान के तहत दर्ज किए गए राजस्व प्रकरणों में से 95 प्रतिशत तथा पुराने 85 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, तहसीलदार बांधवगढ़ सतीश सोनी उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया ईव्हीएम गोदाम



**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम मशीनों के प्रथम रेण्डमाईजेशन के पश्चात विधानसभावार मशीनों के वितरण हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में ईव्हीएम गोदाम खोला गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, सहायक रिटर्निंग आफीसर बांधवगढ़ रीता डेहरिया, सहायक रिटर्निंग आफीसर मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहायक नोडल अधिकारी एसपीकुंभकार, अनुपम त्रिपाठी, प्रियंक अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, भाजपा से दीपक छत्तवानी, विनय मिश्रा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजीव सिंह, आप पार्टी से अशोक कुमार राय, बहुजन समाज पार्टी से प्रदीप कुमार रजक, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे।

### युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहे जुआरी

# सिंहपुर में चला रहा जुआं फड़

**शहडोल।** सिंहपुर में जुआरियों का काला धंधा बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। जुआरी पुलिस की सांठ गांठ से पिछले कई महीनों से बड़े पैमाने पर खुले आम जुए के फड़ लगवा रहे है, इतना ही नही जुआरी इतने चतुर चालक है कि बार-बार वह अपनी जगह बदल कर अपना जुएं का काला व्यापार सुचारू रूप से चला रहे है, लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने अभी तक बड़े जुए के फड़ो पर दबिश मारने की जहमत तक नही उठायी है । पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने अवैध कारोबार जैसे जुआ,सट्टा, अवैध शराब बिक्री, नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने सख्त आदेश जारी किए है। जिसके बाद भी शहर से लगे सिंहपुर थाना क्षेत्र में खुलेआम जुआ फड़ की महफिल सज रही है। सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुलेआम जुआ खेले जाने का मामला प्रकाश में आया है, क्षेत्र में वर्दी के संरक्षण में आदेश-रामजी नामक तथाकथित व्यक्तियों द्वारा थाना क्षेत्र से महज 100 से 200 मीटर की दूरी पर जुआं फड़ का संचालन कर रहे हैं। चर्चा है कि कुछ घंटो के अंदर प्रतिदिन लाखों रूपये का वारा-न्यारा होता है। इसको लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहा है और लोग अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई जुएं में गवां रहे हैं।

### सुबह से रात तक दांव

सिंहपुर थाना क्षेत्र में जुआ अब चोरी छिपे नहीं बल्कि खुलेआम हो रहा है। ताश के पत्तो पर हजारों लाखों के दांव लग रहे हैं। इस जुए ने न जाने कितने ही परिवारों को बर्बाद कर दिया है। क्षेत्र के युवा जुएं की इस बुरी लत में फंसते जा रहे हैं। युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले इन जुआरियों को अब पुलिस व कानून का भी कोई डर नहीं है। जिसके चलते रोज दांव लग रहा है। ऐसा नहीं है कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है। मगर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने से जुआरियों के हौसले बुलंद हैं। सिंहपुर थाना क्षेत्र में संचालित जुएं के फड़ में दूर-दराज के जुआरी भी जुआ खेलने पहुंचते हैं और सुबह से रात तक दांव लगता है।

### कोरमपूर्ति तक सीमित कार्यवाही

सिंहपुर थाना क्षेत्र में जुए का संचालन बड़े पैमाने में किया जा रहा है, लेकिन पुलिस द्वारा छोटे खिलाडियों को पकड़कर अपना कोटा तो पूरा कर लेती है, लेकिन जुए के बड़े फडों पर पुलिस की दबिश नहीं हो पा रही है, जिस कारण से जुआरियों के हौसले बुलंद है और लगातार सिंहपुर क्षेत्र में जुए का संचालन आदेश-रामजी द्वारा बेखौफ होकर किया जा रहा है, जुएं के संचालन की जानकारी थाने के मुखिया से लेकर हर वर्दीधारी को हैं, चौक-चौराहों पर चर्चा है कि वर्दीधारियों को महीना व हफ्ता देकर जुएं के फड़ से दूर कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय से सटे होने के कारण अगर यह बात कप्तान तक पहुंचती भी है तो, थाने से कोरमपूर्ति कर दिखावे की कार्यवाही की जाती है।



### सूदखोरों का मायाजाल

लोगों का कहना है कि जुआरियों के मुखबिर काफी सजग हैं। वे हर व्यक्ति पर नजर रखते हैं, जैसे ही कोई जुआ फड़ के रास्ते की ओर आता है तो, उसका लोकेशन और हुलिया पहले ही जुआरियों को पता चल जाता है। मुखबिरों को भी जुआ संचालक बड़ी राशि भुगतान करते हैं। जुए के फड़ में साहूकार मोटी रकम लेकर पहुंचते है, जहां पर जुआरी जुएं में रकम हारने के बाद तुरंत अधिक ब्याज पर राशि लेते हैं और फिर दांव लगाते हैं। ब्याज के इस धंधे में सूदखोर तो मालामाल हो रहे हैं, मगर ब्याज लेने वाले बर्बाद हो रहे हैं।

### लग रहा लाखों का दांव

जुआ खेलने के शौकीन मेहनत की कमाई जुए में लुटाने के साथ ही घर में पत्नी जेवरात व अन्य बहुमूल्य सामान बेचकर फड़ में दांव लगा देते हैं, इससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो जाती है। सिंहपुर थाना क्षेत्र में हजारों से लेकर लाखों का दाव लगाया जा रहा है। इस जुएं के खेल में आदेश-रामजी मालामाल हो रहे हैं। खबर है कि वर्दी से मिले संरक्षण के चलते सिंहपुर थाना क्षेत्र में जुआं खूब फल-फूल रहा है। खुलेआम बड़े पैमाने पर चल रहे जुएं के खेल की पुलिस को जानकारी न हो, यह अपने आप में काफी बड़ा सवाल है। सिंहपुर में जुए की फड़ लंबे समय से लगाई जा हैं, पूर्व में रजूस नामक जुआरी का नाम सामने आया था, लेकिन वर्दी के संरक्षण के चलते उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई, चर्चा है कि इस खेल में नेता से लेकर स्थानीय थाने का स्टॉफ भी शामिल रहता है। स्थानीय टपरों पर चर्चा है कि सिंहपुर थाना पुलिस की मिलीभगत से जुए को संचालित किया जा रहा है। सिंहपुर में संचालित जुएं की फड़ में संभागीय मुख्यालय सहित आस-पास के जिलों के बड़े खिलाड़ी आ रहे हैं तो मुख्य जुआ संचालनकर्ता रामजी एवं आदेश द्वारा ठीहे पर मोबाइल प्रतिबंधित कर रखे हैं, सूत्रो की माने तो जुएं का फड़ सेंटिग से संचालित होता है। कप्तान अगर मुख्यालय से स्पेशल टीम से छापे मार कार्यवाही करवाये तो, क्षेत्र में जुएं फड़ पर अंकुश लग सकता है।

## निर्वाचन कार्यों सहित राजस्व विभाग का संचालन योजना बनाकर करें : कलेक्टर

### राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित



**उमरिया।** निर्वाचन कार्यो के साथ-साथ राजस्व विभाग की गतिविधियों का संचालन कार्य योजना बनाकर राजस्व अधिकारी करें। जब भी भ्रमण पर जाएं तो पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की मानीटरिंग अवश्य करें। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों तथा अन्य अभियानों के तहत दर्ज प्रकरणों का निराकरण भी सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। कलेक्टर ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आपराधिक तत्वों पर बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही की जाए। दांडिक धारा 110 के तहत बंधक पत्र की कार्यवाही सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट करें। उन्होंने कहा कि शस्त्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए है। निलंबित शस्त्र थानों में जमा किए जाए, जिसकी नियमित मानीटरिंग कार्यपालिक मजिस्ट्रेट करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में आयोग द्वारा निर्धारित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहे तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर आम जनों का भी विश्वान जागृत करें। निर्वाचन के साथ-साथ राजस्व विभाग की गतिविधियों, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नक्सा, तरमीम, राजस्व वसूली की भी कार्यवाही जारी रखी जाए। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह तथा अधीक्षक भू अभिलेख, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने लोक सभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चंदिया मे बनाएं गए मतदान केन्द्र क्रमांक 41 तथा सामुदायिक भवन चंदिया में बनाये गये, मतदान केन्द्र 34 एवं 41 का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ को परिसर की साफ - सफाई करानें, शौचालयों की सफाई कराने तथा दरवाजों की मरम्मत कराने एवं मतदान केंद्र से संबंधित जानकारी अद्यतन कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान तहसीलदार बांधवगढ़ सतीश सोनी, तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, बीएलओ अतुल शुक्ला आरआई, पटवारी तथा शाला के प्राचार्य उपस्थित रहे। इसी तरह माध्यमिक शाला सलैया में बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक-54 तथा कौडिया में मतदान केन्द्र क्रमांक 52 का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओं शंकर सिंह तथा विजय कुमार पांडे को मतदान केंद्र में मतदाताओ के लिए छाया की व्यवस्था, परामर्श कक्ष, पेयजल व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर मतदाता की जानकारी रखने तथा मतदान दिवस पर मतदान करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अखडार में क्रिटिकल मतदान केन्द्रल क्रमांक-66 का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर बीएलओ शुभम साहू उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने बिलासपुर, हर्रवाह, झांपी आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा मतदाताओ से चर्चा कर उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान नायब तहसीलदार कौडिया कौशल सिंह तथा पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

## ईव्हीएम का प्रथम रेण्डमाईजेशन का हुआ समापन



**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में एनआईसी में किया गया। ईव्हीएम के प्रथम रेण्ड माईजेशन पश्चात विधानसभावार उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम का निर्धारण कर लिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, सहायक रिटर्निंग आफीसर बांधवगढ़ रीता डेहरिया, सहायक रिटर्निंग आफीसर मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहायक नोडल अधिकारी एसपी कुंभकार, अनुपम त्रिपाठी, प्रियंक अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, भाजपा से दीपक छत्तवानी, विनय मिश्रा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजीव सिंह, आप पार्टी से अशोक कुमार राय, बहुजन समाज पार्टी से प्रदीप कुमार रजक, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित



**उमरिया।** आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनरों द्वारा पुलिस अधिकारियों को पुलिस प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उनके द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देषों के अनुरूप कार्य करने की बात कही गई। प्रशिक्षण में एडीपीओ पीटीएस द्वारा निर्वाचन संबंधी मुख्य कानूनी प्रावधान, मास्टर ट्रेनर एस के गौतम द्वारा आदर्श आचरण संहिता एवं मतदान के पूर्व, मतदान के दिन पुलिस द्वारा विभिन्न परिस्थितियो मे की जाने वाली कार्यवाहियों, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा द्वारा अति संवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन, दोनों विधानसभा क्षेत्रो में सुरक्षा बल एवं संसाधनो का नियोजन एवं मतदाताओ मे मनोबल वृध्दि, मास्टर ट्रेनर संजय पाण्डेय एवं प्रदीप सिंह गहलोत द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने में विशेष अभियान के लिए की जाने वाली कार्यवाहियों एवं सावधानियों, एसएसटी, फ्लाइंग स्क्वायड आदि व्यवस्थाओ की जानकारी, अंतर्राज्यीय सीमा पर चेक पोस्ट व समन्वय, व्यवस्था के संबंध में की जाने वाली कार्यवाहियों, मतदान के पूर्व के दौरान एवं मतदान के पश्चात ईव्हीएम की सुरक्षा, राजवीर सिंह गुर्जर एडीपीओ पीटीएस के द्वारा समस्त पुलिस बल को डूनाट एवं डज नाट आदि की जानकारी दी गई।

## मुख्यमंत्री के आदेश का उल्लंघन, खुले में बिक रहा मीट

**कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत मुख्यमंत्री के प्रथम आदेश की खुले में मीट एवं अंडे की दुकान नही लगेगी जिसका नगर में खुलेआम उल्लंघन देखने को मिल रहा है। पालिका अंतर्गत जगह-जगह खुले में मांस और अंडे का विक्रय तेजी से किया जा रहा है। वॉर्ड 07 में मांस, मछली और अंडे का विक्रय खुले में किया जा रहा है। सार्वजनिक आम रोड किनारे सुबह से देर रात तक मांस और अंडे का विक्रय किया जा रहा है, लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों की निगाह उक्त खुले में बिक रहे मांस मछली पर नहीं पड़ती है। मुख्यमंत्री के आदेश का खुला उल्लंघन होने के साथ प्रतिदिन आने जाने वालों को दुर्गंध एवं लज्जित होना पड़ता है। मांस अंडे के विक्रय के कारण सार्वजनिक स्थान पर आना-जाना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका द्वारा संरक्षित अवैध मीट बाजार में ग्रीन पर्दा लगाकर खुले में मांस बिक्री को परमिशन दे दी है। वार्ड 7 और वार्ड क्रमांक 03 के मध्य मुख्य मार्ग पर लगने वाली मीट की दुकानों से आम जनमानस बेहद त्रस्त हो चुका है, आम नागरिकों का आक्रोश सोशल मीडिया और गली चौराहे पर देखने को मिल रहा है। कई बार नागरिकों द्वारा शिकायत भी की गई लेकिन नपा द्वारा औपचारिकता पूरी की जाती है। दुकानदारों द्वारा मछली, मुर्गा एवं बकरा को क्रूरता पूर्वक काटकर बेचा जाता है। जिससे निकलने वाली गंदगी को वहीं सड़कों में छोड़ दिया जाता है, जो दिनभर दुर्गंध का कारण बनता है। कोतमा नगर के विभिन्न वार्डो जिनमे फिल्टर टोला, कलमुडी, बनिया टोला, बंजारी चौक, काली मन्दिर के पास सहित अन्य जगहों में अवैध दुकानें खुल गई है, जिनका कोई पंजीयन भी नही है।



## शादी का झांसा देकर किया जबरन दुष्कर्म, मामला दर्ज



**कोतमा।** थाना अंतर्गत रहने वाली 23 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर उसी के जान पहचान के युवक द्वारा जबरन घर की छत में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मई 2023 जो कि 1 वर्ष पूर्व हुई घटना की शिकायत पीड़ति द्वारा अपने परिजनों के साथ बुधवार 20 मार्च को थाना कोतमा में किए जाने पर पुलिस ने बदरा निवासी आरोपी सागर चौधरी के खिलाफ धारा 376, 450 आईपीसी में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि युवती के घर के सामने से आते जाते जान पहचान बनाकर सागर द्वारा मोबाइल में लगातार बात करता रहा 5 मई 2023 को आरोपी द्वारा फोन करके रात के अंधेरे में घर पहुंचा। जिस दौरान युवती के माता-पिता घर में सो रहे थे। युवती को छत ले जाकर प्यार करता हूं एवं शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया जिसका विरोध करने पर आरोपी ने जबरन संबंध बनाया और 1 साल बाद शादी करने की बात कही। घटना के बाद दोनों के बीच कई दिनों तक बातचीत होती रही जिसके बाद युवती काम करने बाहर चली गई। हाल में ही आरोपी द्वारा शादी से मना करने एवं दूसरी शादी करने की बात कही जिसके बाद पीड़ति के द्वारा परिजनों के साथ थाने में शिकायत पत्र देकर दुष्कर्म एवं अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया। पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर पीड़ति के कथन, परिजनों के बयान, मेडिकल व न्यायालीन बयान दिलाए जाने की कार्यवाही कर रही है आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## थाना परिसर कोतमा में किया गया शांति समिति की बैठक का आयोजन



**कोतमा।** आगामी दिनों में पडने वाले त्योहार होली, रंग पंचमी एवं ईद को आपसी सौहार्द एवं भाई चारे के साथ मनाए जाने को लेकर बुधवार देर शाम थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी व्हीपी सिंह, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, थाना प्रभारी सुंन्द्रेश मरावी, सीएमओ प्रदीप झारिया, जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं पत्रकार जन उपस्थित रहे। लोकसभा निर्वाचन को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। जिसका सभी लोगों से पालन करने की बात कही गई एवं इसके आधार पर ही त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाए जाने की बात कही। होली पर्व को लेकर किसी प्रकार से उपद्रव ना हो, जोर जबरदस्ती कर रंग ना डालें, शराब पीकर वाहन न चलाने सहित किसी प्रकार का जबरन चंदा नहीं मांगे जाने की बात कही गई। शराब पीकर वाहनों में तीन सवारी एवं तेज गति से वाहन ना चलाएं अन्यथा वाहन जप्त कर कार्यवाही होगी। होली पर्व को सुरक्षा एवं शांति के साथ मनाए जाने हेतु सभी जिम्मेदार अपनी सहभागिता निभाए। पुलिस टीम द्वारा असामाजिक तत्व एवं बदमाशों पर पैनी नजर रखकर किसी भी प्रकार उपद्रव करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। होली त्यौहार पर होलिका दहन स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। थाना प्रभारी सुंद्रेश मरावी ने कहा कि होली त्यौहार पर पुलिस मोबाइल पार्टी बनाई गई है। साथ ही मुख्य चौराहा, मस्जिदों पर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण भी मोबाइल पार्टी के द्वारा किया जाएगा। होली को लेकर प्रशासन द्वारा जल, बिजली एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी। पुलिस की मोबाइल टीम एवं फिक्स प्वाइंट मे लगातार भ्रमण करेंगे। होली त्योहार में फुहड एवं अश्लील गाने नहीं बजाने जाने की अपील की गई। रात्रि 10 बजे के बाद डीजे एवं ध्वनि प्रदूषण यंत्रों पर रोक लगाई गई है। यदि रात्रि 10 बजे के बाद किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाते पाए गए तो उन्हें जप्त कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। होली त्यौहार को देखते हुए अस्पताल में डॉक्टरों की इमरजेंसी ड्यूटी लगाई जाएगी। किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो इसके लिए प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि होली पर्व पर अपने बच्चों को तालाब जलाशय में स्नान करने न जाने दे कोशिश करें कि बच्चे घर पर ही रहकर त्योहार मनाए। जलाशयों पर भी पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

## दिव्यांग मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने जिला स्तरीय निगरानी कमेटी गठित

**अनूपपुर।** जिला स्तर पर दिव्यांग मतदाताओं व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी सुनिश्चित करने हेतु उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगार बनाकर सुलभ चुनाव सम्पादित कराने हेतु जिला स्तरीय निगरानी कमेटी (डीएमसीएई) का गठन किया गया हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ कमेटी के अध्यक्ष रहेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, नेहरू युवा केन्द्र संगठन अनूपपुर के उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग अनूपपुर के उप संचालक, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी अनूपपुर तथा शहरी विकास अभिकरण अनूपपुर के परियोजना अधिकारी कमेटी के सदस्य बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### लोकसभा का चुनाव मतपत्र से होः एआईएफबी

**रीवा ।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक रीवा संभाग के अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का नारा दिया है वह किसी के गले नहीं उतर रहा है। कल्चुरी ने कहा कि म.प्र., छ.ग., राजस्थान, गुजरात, हिमांचल प्रदेश, विहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तराखण्ड, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-श्मीर, चण्डीगढ़, दिल्ली की 340 सीटों में से लगभग 295 सीटे भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में गटबंधन के साथ जीती थी जबकि वर्तमान लोकसभा 2024 में स्थित विपरीत है, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमांचल प्रदेश, झारखण्ड, विहार, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली जैसे राज्य में पूरी की पूरी सीट जीतना असंभव सा है, तो क्या प्रधानमंत्री ईव्हीएम माता पर भरोसा कर चार सौ पार करना चाहते हैं? यह विचारणीय प्रश्न है। कल्चुरी ने कहा कि देश की जनता को ईव्हीएम मशीन पर भरोसा नहीं रह गया है इसलिए चुनाव आयुक्त को मतपत्र से चुनाव कराना चाहिए।

### शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम, रीवा के टाउन हॉल में नागरिकों और कर्मचारियों के लिए 21 मार्च 2024 को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जांच की गई। इस शिविर में ब्लड सैंपल के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच की गई। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत परीक्षण शिविर 09 मार्च 2024 से 22 मार्च 2024 तक निरंतर नगर के विभिन्न स्थानों में आयोजित हो रहा है। इसमें लोगों को ब्लड प्रेशर, ग्लूकोज, हेमोग्लोबिन आदि की जांच की जा रही है। निगम आयुक्त एवं खंड चिकित्सा अधिकारी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील करते हुये स्वास्थ्य जांच कराने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य नगर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाने और स्वस्थ जीवन जीने की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना है। उक्त स्वास्थ्य परिक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक व दल एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिकगण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर एवं राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया ईव्हीएम गोदाम

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम मशीनों के प्रथम रेण्डमाईजेशन के पश्चात विधानसभावार मशीनों के वितरण हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में ईव्हीएम गोदाम खोला गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, सहायक रिटर्निंग आफीसर बांधवगढ़ रीता डेहरिया, सहायक रिटर्निंग आफीसर मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहायक नोडल अधिकारी एसपीकुंभकार, अनुपम त्रिपाठी, प्रियंक अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, भाजपा से दीपक छत्तवानी, विनय मिश्रा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजीव सिंह, आप पार्टी से अशोक कुमार राय, बहुजन समाज पार्टी से प्रदीप कुमार रजक, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे।

### महानदी नाका का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**उमरिया।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में उमरिया एवं कटनी जिले की सीमा में वन चौकी महानदी के पास बनाये गये अंतर जिला नाका का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने डयूटी में तैनात स्टाफ को यहां से गुजरने वाले हर वाहन को रोककर जांच करने के निर्देश दिए तथा वाहन संबंधी जानकारी रजिस्टर करने को कहा। उन्होंने कहा कि वाहनो की जांच सघनता से की जाए, लेकिन यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा नही होनी चाहिए।

## मामलाः शिक्षक की पत्नी का नाम बी पी एल में

# शिक्षक ने फर्जी बीपीएल बनवाकर बहू को दिलवाई नौकरी





ब्यौहारी

**प्राथमिक पाठशाला खडहुली में पदस्थ बनवाकर बहुत को सहायिका की नौकरी दिलवा दिया जबकि पत्र आवेदक सुशील कुशवाहा पति संजय कुशवाहा नौकरी से वंचित हो गई जिसकी शिकायत।क ई जगह आवेदक कलेक्टर के यहां शिकायत की गई लेकिन आज तक उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।क्या है पूरा मामला**

आंगनबाड़ी केंद्र सेहरी टोला खडहुली 25/10/ 2016 में सहायिकाओं की भर्ती निकली जिसमें खड़हुली संगीता कशवाहा पति अमृतलाल कुशवाहा और सुशील कशवाहा पति संजय कुशवाहा द्वारा फॉर्म भरा गया जिसकी अनंतिम सूची फरवरी 2017 जारी हुई जिसमें संगीता कुशवाहा को 66.50 अंक एवं सुशीला कुशवाहा 64.00 अंक प्राप्त हुये जिसमें 10 अंक बी पी एल के भी गरीबी रेखा में शामिल हुए दोनो आवेदकों का बी पी एल बना हुआ था उसमें महत्वपूर्ण बात यह है की संगीता कुशवाहा पति अमृतलाल कुशवाहा का बी पी एल कार्ड फर्जी है और गलत तरीके से नौकरी का लाभ लिया गया है यदि संगीता कुशवाहा का बी पी एल कार्ड को नियमानुसार मान्य न किया जाता तो आवेदिका सुशीला कुशवाहा पति संजय कुशवाहा के 64 अंक होते और अनावेदक संगीता के 56 अंक होते और आवेदिका को नौकरी मिलती कुल मिलाकर अधिकारियों की सांठगांठ से एक पात्र अभ्यर्थी को नौकरी से बंचित किया गया अंनंतिम सूची को जनपद अध्यक्ष एवं सभापति महिला बाल विकास के हस्ताक्षर के विना ही परियोजना अधिकारी द्वारा लेनदेन करके जारी कर दिया गया और बी पी एल का अनुचित लाभ दिया गया जिसमें संगीता कुशवाहा के पति अमृतलाल कुशवाहा के पिता जवाहरलाल कुशवाहा शिक्षक हैं और पत्नी फुल्ली बाई कुशवाहा का बी पी एल बनवाकर नियुक्त प्राप्त कर लिया फुल्ली वाई के परिवार में खुद शिक्षक जवाहरलाल कुशवाहा शामिल हैं और शिक्षक होते हुए उसका अनुचित लाभ लिया और शाषन को धोखा दिया। आंगनबाड़ी सहायिका पद की अवधि आवेदन में शिक्षक की पत्नी फुल्ली बाई के नाम राशनकार्ड सर्वे सूचीको संलग्न किया गया जबकि शिक्षका परिवार अपने दो बेटों से 2009 अलग है संगीता की अवैध नियुक्ति के बाद सुशीला द्वारा कलेक्टर के यहां आवेदक द्वारा अपील किया गया जहां से सुशील कशवाहा को नियुक्ति मिल गई और वह ज्वाइन भी कर ली लेकिन उसके बाद जवाहरलाल कुशवाहा शिक्षक द्वारा अपने पुत्र को कमिश्नर के यहां अपील करवादिया गया और वहां से कलेक्टर के आदेश के खिलाफ स्टेट ले लिया और अपनी बहू को फिर से ज्वाइन करवा दिया सबसे बड़ी बात यह है कि एक शिक्षक की पत्नी का नाम बीपीएलमें कैसे हो सकता है यह सरासर गलत है और इन तथ्यों की कमिश्नर न्यायालय में अनदेखी की गई जिसके कारण से संगीता कुशवाहा को स्टे मिल गया और अब वास्तविक। पात्र आवेदक को अपनी नौकरी पाने के लिए दर-दर भटक रही है

### शासन को किया गुमराह-

अमृतलाल कुशवाहा के समग्र परिवार आईडी 32750 84 में सिर्फ दो व्यक्तियों पति-पत्नी का ही नाम है अमृतलाल कुशवाहा के नाम मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का पंजीयन क्रमांक 274 पोस्टल कोड क्रमांक एके 7685 35 का प्रथम जारी दिनांक 24/ 7 /2009 बना हुआ है दो व्यक्ति अमृतलाल एवं संगीता को आज भी मध्यप्रदेश अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल कार्ड में नाम है जिसमें उनको अलग परिवार दिखाया गया है जबकि बीपीएल में संयुक्त परिवार और कर्मकार कार्ड में अलग परिवार इस तरह से फर्जी कागज बनाकर शासन को धोखा दिया गया।शिक्षक के पत्नी का नाम कैसे बन सकता है बी पी एल, मजेदार बात यहहै कि शिक्षक जवाहरलाल कुशवाहा शासकीय प्राथमिक साला सेहरी टोला खड़हुली मे पदस्थ हैं उनकी यूनिक आईडी b1 2267 ने अपनी पत्नी फुल्ली बाई के नाम बना बीपीएल के राशन कार्ड का गलत तरीके से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पैसा देकर अपने पत्नी का नाम बी पी एल में जोड़ा लिया है और गुमराह कर लाभ लिया गया सबसे बड़ी बात यह है कि40000 वेतन पाने वाला शिक्षक यदि गरीब है तो तो फिर अमीर कौन है यहां पर शिक्षक ने गुमराह करते हुए अपना नाम बी पी एलमें ना जुड़वाकर अपनी पत्नी का नाम बीपीएल में जुड़वा दिया जिसमें बी पी एल क्रमांक 355/19442 है जिसमें शिक्षक जवाहरलाल गुप्ता सदस्य के रूप में दर्ज हैं और अपनी पत्नी से अलग नहीं है वहीं अन्य सदस्य के रूप में अमृतलाल कुशवाहा राम सुशील कुशवाहा द्रौपदी और संगीता कुशवाहा है जो पूरी तरह से गलत है शिक्षक ने अपने पहुंच के दम पर अपने पत्नी के नाम पर बीपीएल बनवा लिया इसके अलावा जवाहरलाल के पास कई एकड़ जमीन और पक्का मकान है और पूरा परिवार एक साथ ही रहता है।अलग-अलग परिवार आईडी में दर्ज है दोनों का नाम-वहीं अन्य रिकॉर्ड में शिक्षक जवाहरलाल कशवाहा और उनकी पत्नी फूल्ली बाई समग्र आईडी परिवार आईडी 32750 372 में अलग परिवार के साथ रह रहे हैं और शिक्षक के दोनों बेटे अमृतलाल कुशवाहा पति संगीता कुशवाहा समग्र परिवार आईडी 32750 884 और दूसरे पुत्र रामसुशील कुशवाहा बहू शकुंतला कुशवाहा समग्र परिवार आईडी 4437 3491 अपने माता-पिता से अलग रहते हैं इन दोनों पुत्रोंका नाम सिर्फ बीपीएल की परिवार सूची जबकि हकीकत यह है कि दोनों का परिवार अलग हो चुका है इसलिए इनको बीपीएल में नहीं माना जा सकता।शिक्षक के खिलाफ हो कारवाई आवेदिका सुशीला कुशवाहा पति संजय कुशवाहा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, महिला बाल विकास मंत्री ,शिक्षामंत्री बीपीएल का अनाधिकृत लाभ लेकर शासन को लाखों रुपए की क्षति पहुंचाई है जिसकी भरपाई भी की जाए एवं फर्जी बी पी एल को निरस्त करते हूंये आपराधिक प्रकरण पुलिस में दर्ज किया जाये । इस संबंध में परियोजना अधिकारी ब्यौहारी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

## कचरा से बना रहे जैविक खाद, 40 से अधिक लोगों को मिला रोजगार

धनपुरी





**शहडोल।** नगरपालिका कचरे से बना रही जैविक खाद, किसानों की लहलहा रही फसल, खाद्य को बेचकर नगरपालिका की हो रही अर्निंग साथ ही 40 से अधिक लोगो को मिल रहा इसका लाभ जिस कचरे से शहर की स्थिति बदहाल और बदतर हो जाती थी जो कचरा बीमारियों का घर था, वही कचरा अब लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा, नगरपालिका धनपुरी ने बेहतर कचरा प्रबंधन को लेकर एक अभियान की शुरुआत की है। जिसके तहत नगर से निकलने वाले कचरे से जैविक खाद बनाया जा रहा है। जैविक खाद फलों और सब्जियों के अपशिष्ट सहित अन्य अपशिष्ट पदार्थों से तैयार किया जा रहा। उतना ही नही खाद्य को बेचकर 80 हजार रु महीना की अर्निंग हो रही साथ ही 40 से अधिक लोगो को रोजगार भी मिला है । राहत की बात यह है कि धनपुरी नगरपालिका को एस एल पी में मध्य प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। आय के मामले में प्रदेश में अपना एक अलग पहचान बनाने वाली शहडोल संभाग की सबसे धनी नगरपालिका धनपुरी नवाचारों के मामले में कमाल कर रहा है यहां नगर पालिका द्वारा घर – घर से कचरा और जूठन उठाती है। फिर उससे जैविक खाद बना कर बजार में बेचकर अच्छी कमाई कर रही है। नगरपरिषद की बनाई इस खाद की बाजार में डिमांड भी काफ़ी है। नगर के रसोई घर का जूठन और नगर के सार्वजनिक जगहों पर मिलने वाला कचरा महज कचरा था, मगर अब राजस्व का बड़ा जरिया बन गया है। शहर का सारा कचरा एक साथ एकत्रित करके डंपिंग यार्ड में कचरा पहुंचने के बाद इसमें जूठन आदि को वर्मी कम्पोस्ट में बदलकर उससे जैविक खाद बनाई जा रही है और जैविक खाद तैयार हो रहा है। धनपुरी में तैयार हो रही जैविक खाद को आमजन घर के बाग-बगीचों और किसान खेतों के लिए खरीद रहे हैं। इस जैविक खाद की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। जैविक खाद फलों और सब्जियों के अपशिष्ट सहित अन्य अपशिष्ट पदार्थों से तैयार किया जा रहा। उतना ही नही खाद्य को बेचकर 80 हजार रु महीना की अर्निंग हो रही साथ ही 40 से अधिक लोगो को रोजगार भी मिला है ।

## ग्रीन बेल्स स्कूल में हुआ सात दिवसीय समर कैंप

बुढ़ार




नगर के विद्यालय ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल मे 14 मार्च से प्रारंभ हुई सात दिवसीय समर कैम्प का समापन गुरूवार को हुआ विद्यालय द्वारा अयोजित समर कैम्प मे 3 से 7 वर्ष के बच्चो मे पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर प्रतियोगिता हिस्सा लिया। सात दिवसीय समर कैम्प मे बच्चो को अनेक गतिविधियों से रुबरु करा कर आर्ट एवं क्राफ्ट, डॉस, म्यूजिक, वैदिक मैथ,डाइट प्लान, सेल्फ डिफेन्स, लिटिल साईटिस्ट, यंग इंवायर मेंन्ट लिस्ट, घुड़ सवारी,मेडिटेशन, ऐरोबिक,फनविथ कलर, वृक्षारोपण, सेल्फ इंन्ट्रोडक्षन, आउटडोर पिकनिक होली उत्सव इत्यादि से संबंधित एक्टिविटी कराई गई प्रत्येक वर्ष विद्यालय के डायरेक्टर एम.एस. नियाजी द्वारा समर कैप का आयोजन किया जाता है। जिससे बच्चे पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधि मे रूचि ले और उसका सर्वांगीण विकास हो सके विद्यालय परिवार सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ईव्हीएम का प्रथम रेण्डमाइजेशन संपन्न



कलेक्टर और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने हुआ ईव्हीएम रेण्डमाइजेशन

रीवा

लोकसभा निर्वाचन में मतदान के लिए प्रयुक्त होने वाली ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट का प्रथम रेण्डमाइजेशन कार्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कलेक्ट्रेट के एनआईसी में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल की उपस्थिति में ईव्हीएम का रेण्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान 2014 मतदान केन्द्रों के लिए 2414 कंट्रोल यूनिट, 2414 बैलेट यूनिट तथा 2615 व्हीव्हीपैट का रेण्डमाइजेशन हुआ। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अनुसार 20 प्रतिशत अतिरिक्त मशीनें दी जा रही हैं। इनका विधानसभावार वितरण कर इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में संधारण 22 मार्च को किया जाएगा। ईव्हीएम रेण्डमाइजेशन की कार्यवाही जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल तथा नोडल अधिकारी ईव्हीएम एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन आदित्य सिंह द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सहायक नोडल ईव्हीएम फैज मोइन सिद्दीकी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जागरूकता रथों को दिखाई झण्डी



रीवा

लोकसभा निर्वाचन के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक मतदाता की मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा और मऊगंज जिले के लिए आठ मतदाता जागरूकता रथ भेजे गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने इन रथों को हरी झण्डी दिखाकर जिले में भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, नोडल अधिकारी स्वीप आशीष दुबे, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास जीवेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक रथ 20 अप्रैल तक संबंधित एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार भ्रमण करेगा।

## सद्भावपूर्वक मनाएं होली और ईद का पर्व धनपुरी थाने में शांति समिति की बैठक

धनपुरी



आपसी भाईचारे के साथ सर्व धर्म का सम्मान की भावना आमजन के दिल में व्याप्त होने के साथ किसी प्रकार से शांति भंग ना हो को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन 21मार्च गुरुवार शाम 4 बजे धनपुरी थाना के परिसर में किया गया। 25 मार्च को होली का पर व रमजान का पवित्र माह ईद के त्यौहार को लेकर धनपुरी थाना में एसडीओपी धनपुरी अभिनव मिश्रा के अध्यक्षता में थाना प्रभारी हेम सिंह, नायब तहसीलदार बुढार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।एसडीओपी अभिनव मिश्रा ने बैठक में कहा कि आचार संहिता 144 धारा लागू है इस बीच में हर धर्म के लोग उपस्थित है मेरा अपील है कि शांति पूर्वक हर्षोल्लास के साथ होली, ईद का पर्व मनाने जाए। जिस किसी प्रकार की परेशानी ना हो डीजे शिलो साउंड में ही बजाऐ जिससे पड़ोसियों को परेशानी ना हो।थाना प्रभारी हेमसिंह ने कहा कि होली दहन पुराने स्थल में ही हो समय पर ही होलिका दहन किया जाए पर्व में किसी तरह का माहौल खराब करने की कोशिश ना किया जाए जिससे पुलिस को एक्सेल लेना पड़े पुलिस प्रशासन के द्वारा होली पर्व व रमजान त्योहार पर ट्रैफिक व्यवस्था पूर्व की तरह बनाया जाएगा जिससे किसी को परेशानी ना हो अगर कोई रंग में भंग डालता है तो पुलिस को शिकायत की जाए जिससे उसके ऊपर कारवाई की जा सके। लाइट व्यवस्था बनाए रखना के लिए विद्युत मंडल धनपुरी कहां गया धनपुरी नगर पालिका पुरुषोत्तम गुप्ता ने कहा कि होली पर्व पर साफ सफाई पानी की व्यवस्था पूर्व की तरह बनाया जाएगा जिससे पर्व पर हर्षोल्लाह से मनाया जा सके। शांति समिति की बैठक में उपस्थित जनों में मैथिलीशरण मोहम्मद आजाद रामसिंह, पत्रकार राजू अग्रवाल मोहम्मद शफीक लक्ष्मण सोनी, चंद्रेश मिश्रा हेमंत सोनी मोहम्मद कलाम विनोद शर्मा मुजफ्फर अली शशिकांत विश्वकर्मा सकलेन नियाजी रवि कश्यप कैलाश महोबिया नौसेना खान प्रवीण बाड़ोलिया राशिद खान अजय जायसवाल आदि लोगों की उपस्थिति रहे।

## सूर्योदय के पहले ही लोकसभा में कांग्रेस का दिख रहा सूर्यास्त

रीवा

लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी का भले ही कोई प्रत्याशी घोषित न हुआ हो लेकिन रीवा कांग्रेस के कर्णधार चुनाव मैदान में अलख जगाने में जुट गये। लेकिन दो दिनों से जो हालात सामने निकल कर आ रहे है उससे ऐसा महसूस होता है कि रीवा लोकसभा सीट में कांग्रेस सूर्योदय के पहले ही सूर्यास्त की ओर चल पड़ा है। बुधवार के दिन तराई अंचल से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। तराई अंचल में मांझी समाज पर अपनी पैठ बना कर जनपद सदस्य से लेकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य तक का सफर तय करने वाली कांग्रेस की दिग्गज महिला नेत्री गीता मांझी ने अपनी घर वापसी कर ली। सांसद जनार्दन मिश्रा एंव उप मु यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के हाथों अपने साथियों के साथ ाजपा में सदस्यता ले ली। इस सदमें से रीवा के कांग्रेसी उबर भी नहीं पाये थे कि शुक्रवार के दिन रीवा के कांग्रेसियों को एक और बड़ा झटका लग गया। पूर्व सांसद देवराज सिंह पटेल ने मु य मंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों भाजपा में सदस्यता ले ली। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, प्रदेश संयोजक नरोत्तम मिश्रा, सतना सांसद गणेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पूर्व सांसद देवराज सिंह पटेल के भाजपा में विलय हो जाने से यह माना जा रहा है कि ओबीसी समाज में पटेल वर्ग का एक बड़ा बोट कांग्रेस के हाथों से खिसक गया। बताते चले कि पूर्व सांसद देवराज सिंह पटेल 15 वीं लोकसभा चुनाव में सन 2009 से 2014 तक रीवा संसदीय सीट से सांसद बनकर जिले का प्रतिनिधित्व किया था। उन दिनों देवराज सिंह पटेल ने बसपा से रीवा के दिग्गज नेता रहे कांग्रेस से सुंदरलाल तिवारी एंव सपा से चुनाव मैदान में उतरे पुष्पराज सिंह को हरा कर सांसदी का सेहरा सिर पर बंधा था। बाक्स कांग्रेस में नहीं मिलता मान-स मान कांग्रेस पार्टी छोड़े जाने की खबर पर पूर्व सांसद देवराज सिंह ने चर्चा के दौरान बताया कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं को मान-स मान नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ से जुड़कर कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ली थी। लेकिन अब प्रदेश की कमान जीतू पटवारी के हाथों में है और जीतू पटवारी अपने ही पार्टी के कार्यकर्ताओं का स मान नहीं करते। मैने कांग्रेस में रहकर कोई टिकट की लालसा नहीं की, क्योकि मैं सांसद रह चुका है मुझे तो केवल मान स मान चाहिये था, जो वहां नहीं मिला। उन्होने कहा कि अब भाजपा के साथ मिलकर देश के यसस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति नीत पर चल कर रीवा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे सांसद जनार्दन मिश्रा को जीत हासिल करवा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट सुईडांड़ में की 64 हजार 200 रुपये की नगद जप्ती



**अनूपपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिले के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों तथा अंतर्राज्यीय मार्गों में कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जांच नाकों की स्थापना की गई है, जहां चौबिसों घण्टे आने-जाने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के सीमा में स्थित कनवाही-केल्हौरी रोड पर बनाए गए सुईडांड़ चेकपोस्ट पर स्टेटिक सर्विलेंस टीम द्वारा वाहन तलाशी के दौरान 64 हजार 200 रुपये नगद जप्त किए गए हैं। संबंधितों के पास मौके पर वैध दस्तावेज नही मिलने पर कार्यवाही की गई है। लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता के प्रभावी होने पर जिले की सभी सीमाओं पर चेकपोस्ट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जप्त की गई राषि को जिला कोषालय में जमा कराया गया है।

### विविध आयोजनों के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक



**अनूपपुर।** जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर, कोतमा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विविध आयोजन किए गए। जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत टांकी, पयारी नं. 02 में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने तख्ती लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया। महिलाओं ने कहा कि लोकतंत्र में हर मतदाता को मताधिकार का जो अमूल्य अधिकार प्राप्त है उसका प्रयोग मतदान दिवस पर हर मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने कर्तव्य के रूप में निभाए, जिससे प्रजातांत्रिक व्यवस्था मजबूत हो सके। जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत पिपरिया, ग्राम पंचायत बैहाटोला, ग्राम पंचायत पैरीचुआ में भी मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।

### प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे।

### 8 अभ्यर्थियों ने प्राप्त किए लोकसभा निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्र फार्म

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा की गयी थी। जिसके क्रम में अभ्यर्थी 27 मार्च तक नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। 21 मार्च को 8 अभ्यर्थियों द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र शहडोल में अभ्यर्थिता हेतु नाम निर्देशन फार्म रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय लोकसभा क्षेत्र 12 (अ.ज.जा.) शहडोल से प्राप्त किए गए हैं।

# माँ बेटी का संदिग्ध अवस्था में मिला शव



**घर से दूर मिली बेटी की लाश, हत्या का मामला दर्ज**

### घर में फांसी में लटकता मिला माँ का शव

**अनूपपुर।** जैतहरी थाना अंतर्गत वेंकटनगर चौकी के ग्राम पंचायत कदमसरा के छीरहाटोला में 21 मार्च गुरूवार की सुबह 30 वर्षीय महिला दशमतिया बाई का शव उसके घर पर ही फांसी पर लटकता हुआ मिला। वहीं उसकी 12 वर्षीय बेटी साक्षी पनिका का शव उसके घर से लगभग 1 किमी दूर स्थित खेत के पास संदिग्ध हालत में देखा गया। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर जैतहरी एवं वेंकटनगर पुलिस सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सहित एफएसटी टीम, डॉग स्क्वॉड टीम तथा फिंगर प्रिंट टीम मौके पर पहुंच कर घटना स्थल सहित दोनो शव का निरीक्षण किया गया। वहीं बच्ची के गले में धारदार हथियार से वार करने के निशान तथा सिर में गहरी चोट के निशान मिले है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पंचनामा तैयार कर एसएफएल टीम के लिए दोनो शव को घटना स्थाल पर ही रखा गया हैं। खबर लिखे जाने तक पोस्ट मार्टम के लिए नहीं भेजा गया। वहीं मृतिका दशमतिया का पति नीलूधर पनिका ने घटना की सूचना दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पूरे मामले में कि दशमतिया पनिका के फांसी लगाने पर मर्ग कायम किया गया हैं वहीं साक्षी पनिका की हत्या का मामला दर्ज किया गया हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर ने बताया कि पूरे मामले में संघन पूछताछ करने के साथ छोटे से छोटे पहलुओं पर नजर बनाये हुए है। पोस्टमार्डम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कदमटोला के छीरहाटोला में हुई घटना की सूचना पति लीलूधर





### मामला जिले के वेंकटनगर चौकी का

पनिका ने वेंकटनगर चौकी को दी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 12 वर्षीय साक्षी पनिका घर से कुछ दूरी पर एक नाला के पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में मिला है। वहीं माँ 35 वर्षीय दशमतिया पनिका सभी निवासी छिरहाटोला का शव घर में फाँसी में लटका मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार साक्षी का शव में नीचे से कपड़े नही थे गले मे धारदार हथियार से काटने और सर में चोट के निशान है। घटना की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पर्वार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, जैतहरी थाना प्रभारी प्रकाशचंद्र कोल सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंच घटना स्थल निरीक्षण किया। वहीं संदिग्ध परिस्थितियों में 12 वर्षीय बच्ची का गला रेत कर हत्या करने की आशंका जताई गई। मॉ दशमतिया बाई पनिका के फांसी पर लटकने की गुत्थी सुलझाने का पुलिस भरसक प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवॉर ने बताया कि दशमतिया पनिका के फांसी लगाने पर मर्ग कायम किया गया हैं वहीं साक्षी पनिका की हत्या का मामला दर्ज किया गया हैं। जल्द ही इस हत्या गुत्थी सुलझाई जाएगी। इसके लिए आसपास के लोगो के बयान लिए जाने के साथ मृतिका दशमतिया के पति नीलूधर पनिका की तलाश की जा रही है। दोनो शवों की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा।

**चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में मंत्री प्रहलाद पटेल ने की कार्यों की समीक्षा**

# हम काम के आधार पर करेंगे 400 पार-पटेल

**अनूपपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहडोल संसदीय क्षेत्र क्रमांक 12 की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक बार पुनः प्रत्याशी बनाया गया है चुनाव को लेकर 21 मार्च को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अनूपपुर में केंद्र के पूर्व मंत्री एवं मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने चुनाव प्रबंधन समिति एवं प्रमुख कार्यकतार्ओं की बैठक कर संगठन द्वारा चलाए जा रहे बूथ विजय संकल्प अभियान तथा अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस बैठक में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अनूपपुर विधायक विसाहू लाल सिंह, भाजपा जिला प्रभारी मिथिलेश पयासी, जिला अध्यक्ष रामदासपुरी, पूर्व जिला अध्यक्ष आधाराम बैष, जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, जितेंद्र सोनी, हीरा सिंह श्याम तथा बैठक में सभी अपेक्षित कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**मोर्चा एवं मंडल अध्यक्षों से की चर्चाः** कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा के जिला अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों से बूथ पर चल रहे कार्यों को लेकर चर्चा की तथा जिन स्थानों पर अभी कार्य अधूरे पड़े हैं उन्हें शीघ्र पूरा करने का मार्गदर्शन दिया इसके साथ ही स्थानीय समस्याओं के बारे में भी उन्होंने मंडल अध्यक्षों से खुलकर बात की।



**मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में किया व्यापक कार्यः** श्री पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने हर क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर कार्य किया है भाजपा सरकार की नीतियां अच्छी हैं जिसका लाभ गरीब किसान, युवा, महिला, और समाज के अंतिम छोर में बसे व्यक्ति को भी मिल रहा है। अब ओले गिरने पर आवेदन लेकर खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ती है किसानों के नुकसान की समीक्षा तत्काल हो जाती है। उन्होंने सभी कार्यकतार्ओं से भाजपा की होने वाली बैठकों की गोपनीयता बरकरार रखने की अपेक्षा की। चुनाव के दौरान हमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करना है, अनेक शक्तियों हमें असफल करने में लगी हुई है।

**काम का परिणाम है कि हम 400 पार जा रहेः** कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति एवं प्रमुख कार्यकतार्ओं की बैठक में कहां की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और काम का परिणाम है कि हम इस बार 400 पार जा रहे हैं, काम के बदले सफलता ले रहे हैं उन्होंने भाजपा अनूपपुर जिले के संगठन के सभी कार्यकतार्ओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर काफी अच्छा कार्य संगठन का चल रहा है जो काबिले तारीफ है। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

## आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करने पर डीजे संचालक पर एफआईआर



**अनूपपुर।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनूपपुर आशीष वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के निर्देशन में एफएसटी टीम प्रभारी नायब तहसीलदार अनूपपुर मिथिला प्रसाद पटेल एवं टीआई कोतवाली अरविंद जैन, सहायक उप निरीक्षक संतोष पांडे, प्रधान आरक्षक विनय के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए देर रात्रि करीब 11:30 बजे ग्राम बर्री में तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर डीजे संचालक सोनू राठौर पिता मुन्नू राठौर उम्र 32 साल निवासी हर्री से डीजे सामग्री साउंड बॉक्स एवं लैपटॉप आदि जप्त किया जाकर मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 एवं धारा 188 भारतीय दंड विधान के तहत एफआईआर कर डीजे संचालक सोनू राठौर को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला अनूपपुर के आदेश पत्र क्रमांक 1274/ आरडीएम/ विधानसभा निर्वाचन/ कोलाहल/ 24 अनूपपुर दिनांक 16 मार्च 2024 के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की दिनांक 16 मार्च 2024 को घोषणा किए जाने के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रति 10 बजे से प्रात 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यन्त्र का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। जिसका पालन कराये जाने हेतु लगातार पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम जगह-जगह चेकिंग कर कार्रवाई कर रही है।

# शांति सद्भाव के साथ मनाएं पारंपरिक पर्व होली-थाना प्रभारी



### भालूमाड़ा थाने मे शांति समिति के बैठक का हुआ आयोजन

**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह के निर्देशन में आगामी होली पर्व को लेकर भालूमाड़ा थाने मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शांति समिति के सदस्यगण, नगर के पार्षद गण, ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं मीडिया बंधु की उपस्थिति में पसान नपा अध्यक्ष रामअवध सिंह, विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय दुवेदी, धीरेंद्र सिंह, लाल बहादुर जयसवाल, राजू गुप्ता, उमेश मिश्रा, थाना प्रभारी राकेश उईके द्वारा आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाए जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही होली पर्व के दौरान आगामी आम लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता का पालन किए जाने हेतु भी बताया गया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस रहेगी तैनात

भालूमाड़ा थाना प्रभारी राकेश उईके ने बताया की होली पर पर रात्रि 10:00 बजे के बाद किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं किया जाएगा, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, नगर में होली पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस बल के फिक्स पॉइंट के साथ पेट्रोलिंग पार्टी भ्रमण मे पर रहेंगे। अभिभावकों से अपील की गई है कि अपने नाबालिक बच्चों को वाहन ना दे, शहर व थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायतो के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग लगाए जाकर शराब पीकर वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी जाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी के द्वारा आगामी पर्वों को शांति और सद्भाव के साथ बनाए जाने का निर्णय लिया गया। पसान नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह ने सभी से होली का पर्व आपसी भाईचारा के साथ मनाए जाने की अपील करते हुए बताएं कि त्यौहार में नगर पालिका द्वारा व्यापक रूप से साफ सफाई एवं पानी की उपलब्धता पर ध्यान दिया जाएगा नगर में हमेशा से हर त्यौहार को आपसी सौहार्ट के रूप में मनाया गया है और इस बार लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता भी लागू है जिसका पालन हम सभी को करना है हम सब नगरवासी रंगों के त्यौहार में हमेशा की तरह हर्ष उल्लास आपसी सद्भाव को बनाए रखते हुए यह पर्व मनाऐ ।

# खड़े ट्रक में पीछे से टकराई मोटर साइकिल, स्थल पर दो की मौत



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में पसला एवं भोलगढ के बीच बुधवार की रात मुख्य मार्ग के किनारे खड़े खराब ट्रक में पीछे से टकराने पर मोटरसाइकिल में सवार दो युवको की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई, घटना की सूचना राहगीरो द्वारा 100 डायल पुलिस को दिए जाने पर 100 डायल पुलिस एवं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों मृतको के शव को जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया जहां गुरुवार की सुबह परिजनों की उपस्थिति में कार्यवाही की गई घटना के बाद से ट्रक चालक फरार है जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। घटना के संबंध में अब तक मिली जानकारी के अनुसार 20 मार्च की रात 11 से 12 बजे के मध्य कोतवाली थाना अनूपपुर के पसला गांव से अपने पैतृक ग्राम कोड़ा के छटनटोला मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 65 एमइ 6634 से जा रहे दो युवक मदनलाल सिंह एवं संपत सिंह अचानक राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में पसला एवं भोलगढ के बीच ट्रक में खराबी आने के कारण मुख्य मार्ग के किनारे खड़े ट्रक आरजे 17 जीए 8962 में पीछे से टकरा गए जिससे स्थल पर दोनों युवकों की मौत हो गई जिसकी जानकारी राहगीरों द्वारा 100 डायल पुलिस को दिए जाने तथा कोतवाली पुलिस अनूपपुर को सूचना मिलने पर स्थल पर पहुंचकर दोनों मृतको के शव को देर रात जिला चिकित्सालय अनूपपुर ला कर शव फ्रिजर में सुरक्षित रखा गया तथा गुरुवार की सुबह अस्पताल पुलिस द्वारा दोनों मृतको के परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं शव परीक्षण की कार्रवाई कराते हुए मृतको के शवो का अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की है घटना के बाद से ट्रक चालक फरार है।

# सूर्या चौधरी को कलेक्टर ने किया जिला बदर

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अनावेदक सूर्या चौधरी पिता रामकुमार चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी पटौराटोला अनूपपुर थाना कोतवाली अनूपपुर के विरूद्ध 09 आपराधिक एवं 02 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के प्रकरण दर्ज होने व आपराधिक गतिविधियों में संलग्न पाए जाने पर अनावेदक को म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1, धारा 5 की कंडिका (क) एवं (ख) तथा सहपठित धारा-7 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की चतुर्दिक राजस्व सीमा तथा सीमा से लगे हुए मध्यप्रदेश राज्य के जिला शहडोल, उमरिया एवं डिण्डौरी चतुर्दिक राजस्व की सीमाओं से 06 माह की कालावधि के लिए निष्कासित किया है। उन्होंने इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि में अनावेदक को बिना उनकी लिखित अनुमति के उपरोक्त निर्दिष्ट जिलों की सीमाओं के अन्दर प्रवेश नही करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अनावेदक के विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन मामलों की पेशी तिथियों पर संबंधित थाना प्रभारियों को लिखित सूचना देने पर उपस्थिति की छूट रहेगी। पुलिस की निगरानी में पेशी के तुरंत बाद अनावेदक इस आदेश का पालन करेगा। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर अनावेदक के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-14 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## पुष्पराजगढ़ में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ

**अनूपपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ तथा मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप को मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने स्वीप प्लान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मैदानी अमले की उपस्थिति रही। इस अवसर पर चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम पर हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर बघेल, महिला बाल विकास विभाग की सहायक संचालक व पुष्पराजगढ़ की सीडीपीओ श्रीमती मंजूषा शर्मा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीपी पाण्डेय ने मतदाता जागरूकता के संबंध में कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। मैदानी कार्यकतार्ओं को शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के अनुरूप मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**अमरकंटक में रन फॉर वन एण्ड वोट मैराथन का किया गया आयोजन**

# मैराथन में कमिश्नर, एडीजीपी, व्यय प्रेक्षक, कुलपति, एसपी ने की सहभागिता

**अमरकंटक।** विश्व वानिकी दिवस 21 मार्च के अवसर पर मां नर्मदा के उद्गम एवं ऐतिहासिक पर्यटन पवित्र नगरी अमरकंटक के मेला ग्राउण्ड में 5 किलो मीटर की रन फॉर वन एण्ड वोट मैराथन का आयोजन प्रातःकालीन बेला में आयोजित किया गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आयोजित वोट मैराथन में शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद व शहडोल पुलिस जोन के सहायक पुलिस महानिदेशक डीसी सागर तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक रामकृष्ण केड़यि, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विष्वविद्यालय अमरकंटक के कुलपति प्रकाशमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, वन मण्डलाधिकारी श्रद्धा पेन्द्रे, एसडीएम सुधाकर बघेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी बीरेन्द्र पटेल सहित स्थानीय अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, स्थानीय नागरिक व युवा शामिल हुए।रन फॉर वन एण्ड वोट मैराथन के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। लोकतंत्र के इस महात्यौहार में सभी को मतदान तिथि 19 अप्रैल को अपना मत अनिवार्य रूप से दिए जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में नए मतदाताओं की सहभागिता कर उन्हें विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियों ने उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागिता की। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने संकल्प भी दिलाया गया। रन फॉर वन एण्ड वोट मैराथन में प्रतिभागियों ने साहस और जज्बे का परिचय देते हुए मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। 5 किलो मीटर के रन फॉर वन एण्ड वोट मैराथन में पुरुष वर्ग में साहिल माझी को प्रथम, अजय यादव को द्वितीय तथा हरीष जायसवाल को तृतीय पुरूस्कार तथा चौथे एवं पांचवे स्थान पर रहे आशुतोष सिंह और अरविन्द सिंह को सांत्वना पुरूस्कार प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में मनीता मरावी को प्रथम, शान्ति परस्ते को द्वितीय तथा सरस्वती देवी को तृतीय पुरूस्कार तथा चौथे एवं पांचवे स्थान पर रहे साधना धुर्वे और आस्था श्याम को सांत्वना पुरूस्कार प्राप्त हुआ।

